

# युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी व महापौर योगेश ताम्रकार

नवभारत न्यूज

**सतना 12 जनवरी. स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को किया गया।**

युवा दिवस के अवसर पर सभी शिक्षण संस्थाओं सहित जिलेभर में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जिला स्तर के प्रमुख कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक एक सतना के मैदान में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित किया गया. कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को नियमित रूप से करने पर होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं से कहा कि सांसों का संतुलन बनाकर हम योग करते हैं तो निरोग रहते हैं। निरोगी रहना और जीवन पर्यन्त युवा होने का अनुभव प्राप्त करना है तो योग आपका सहयोगी होगा। निरोगी काया, मानसिक संतुलन और प्रफुल्लित मन योग के माध्यम से ही अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढी के लिए योग बहुत उपयोगी है। तनाव भरा जीवन और खान-पान में विसंगतियां के बीच जीवन में संतुलन बनाये रखने में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। राज्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा एक-दो प्रयास में लक्ष्य प्राप्त न कर पाने पर निराश हो जाते हैं। कोई लक्ष्य ऐसा नहीं है जिसे पाया नहीं जा सकता, लेकिन इसके लिए अटूट परिश्रम करना पडता है। कडी मेहनत हमें अपने लक्ष्य तक ले जाती है। राज्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन एक साथ एक संकेत पर किया गया प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के आयोजन में स्वयंसेवी संगठन आम नागरिकों की भी भागीदारी रही।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में भाग लिया।



# मैहर में युवा दिवस पर किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

**मैहर 12 जनवरी. स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को मैहर के सरस्वती विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण के अलावा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राष्ट्रगान गायन के साथ संपन्न हुआ। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्यातिथ्य में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल सहित अधिकारी तथा विद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# टोड़रा के जंगल में बढ़ी तेंदुए की सक्रियता

## पालतू जानवर बन रहे निशाना, ग्रामीणों में दहशत

नवभारत न्यूज

**सतना 12 जनवरी. जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र के टोड़रा के जंगल में तेंदुए की सक्रियता बढ़ती जा रही है. जिसकी तस्दीक आए दिन जंगल में चरने वाले पालतू जानवरों पर होने वाले हमलों के जरिए की जा सकती है. इन घटनाओं के चलते ग्रामीण अपनी सुरक्षा को लेकर खासे चिंतित नजर आने लगे हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत कैलाशपुर बीट के कावर के टोड़रा के जंगल में चर रही एक गाय पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया. हलांकि आस पास मौजूद चरवाहों द्वारा शोर मचाने के चलते तेंदुआ वहां से भाग निकला. लेकिन गंभीर तौर पर घायल गाय की वापस घर पहुंचते ही मौत हो गई. ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले ही तेंदुए द्वारा एक बकरी को निशाना बनाया गया था. तेंदुए द्वारा लगातार पालतू जानवरों पर किए जा रहे हमलों को देखते हुए आस पास के ग्रामीणों के बीच दहशत फैलने लगी है. ग्रामीणों का कहना है कि पालतू जानवरों पर तेंदुए के हमले के चलते एक ओर जहां उन्हें अपना पशुधन खोना पड़ रहा है. वहीं दूसरी ओर अब उन्हें अपनी जान की चिंता भी सताने लगी है. हलांकि घटना के बारे में जानकारी मिलने पर वन विभाग द्वारा मौका मुआयना किया जा चुका है. लेकिन तेंदुए की लोकेशन प्राप्त नहीं हो सकी. जिसे देखते हुए ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है. गौरतलब है कि मझगवां वन परिक्षेत्र के कैलाशपुर से लेकर बरौंधा धारकुण्डी आश्रम के पास अमुआ मानिकपुर मार्ग पर तेंदुए की सक्रियता की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं. वहीं इस वन परिक्षेत्र में वन्य प्राणियों द्वारा पालतू जानवरों पर हमले किए जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं.

# एसडीएम के नेतृत्व में आधा दर्जन बसों पर हुई कार्रवाई

## वसूला गया साढ़े 17 हजार का अर्थदंड

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. सोमवार को सिटी एसडीएम राहुल सिलाडिया के निर्देशन में आरटीओ संजय श्रीवास्तव ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर रामदेवी राई एवं पुलिस बल की उपस्थिति में नेशनल हाईवे पर बेतरतीब ढंग से पार्किंग की जा रही बसों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई।**




इस कार्रवाई के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से खड़ी 6 बसों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रत्येक बस पर ?2500 का जुर्माना लगाया गया। गौरतलब है कि आईएसबीटी बस स्टैंड का निर्माण पूर्ण हो जाने के पश्चात बसों के पार्किंग हेतु पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है, इसके बावजूद कुछ बस चालक नेशनल हाईवे पर बसें खड़ी कर रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। प्रशासन द्वारा समस्त बस संचालकों एवं चालकों से अपील की जाती है कि वे अपनी बसों को अनिवार्य रूप से आईएसबीटी बस स्टैंड में ही खड़ा करें तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड पर वाहनों के सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु नगर निगम द्वारा आवश्यक एवं पर्याप्त व्यवस्थाएं लगातार की जा रही हैं। भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### रेलवे स्टेशन परिसर में भी कार्रवाई

रात में रेलवे स्टेशन पर काफी गाड़ियां खड़ी रहती हैं। जबकि रेलवे स्टेशन पर गाड़ी खड़ी करने के लिए कोई बस स्टॉप नहीं है। जिसे देखते हुए एसडीएम ने वहां पहुंचकर कार्रवाई की गई। इस प्रकार कुल ?17,500 की राशि वसूल की गई। बताया गया कि रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी रहने वाली बसों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अपनी ही सहायता को मोहताज हुई डायल 112

## धक्का लगाए बिना नहीं होती है चालू

नवभारत न्यूज

**सतना 12 जनवरी. स्वतंत्रता दिवस पर चमचमाती डायल 112 वाहनों की सौगात मिलने के बाद माना जाने लगा था कि आमजन की सहायता करने में और अधिक तत्परता आएगी. लेकिन गणतंत्र दिवस आते-आते आलम यह है कि कुछ डायल 112 वाहन स्वयं अपनी ही सहायता को लेकर मोहताज नजर आने लगे हैं.**



सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे नागौद-उचेहरा मार्ग पर पोड़ी चौकी के निकट पहुंचते ही डायल 112 एफआरवी वाहन अचानक बंद पड़ गया. वाहन चालक द्वारा बार बार स्टार्ट करने का प्रयास किया जाने लगा. लेकिन इसके बावजूद भी इंजन तक किसी तरह का करेंट नहीं पहुंच पा रहा था. कई बार प्रयास करने के बावजूद भी जब सफलता नहीं मिली तो चालक नीचे उतर गया और बोनट को खोलकर देखने की कोशिश की. पलक झपकते ही उसे खामी समझ में आ गई. लिहाजा पुलिस कर्मियों द्वारा आस पास मौजूद लोगों से सहायता मांगी गई. स्थानीय लोगों की मदद से जब धक्का लगवाना शुरु किया गया तो कुछ देर झटका खाने के बाद वाहन स्टार्ट हो गया. बताया गया कि नागौद थाना क्षेत्र की डायल 112 एएफआरवी वाहन क्र. एमपी 04 वाई 03128 की बैटरी में पिछले कुछ दिनों से समस्या शुरु हो गई है. इस समस्या की वजह से वाहन की बैटरी उतर जाती है. वाहन में लगे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के ओवरलोड के चलते यह समस्या आना बताया गया. जिसके चलते उसे धक्का मारकर स्टार्ट करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता. लेकिन इस घटना को देखकर स्थानीय रहवासियों द्वारा यह कहकर चुटी ली जाने लगी कि जो वाहन स्वयं लोगों की सहायता का मोहताज बना हुआ है, वह भला दूसरों की तत्परता से सहायता कैसे कर पाएगा.

# धवारी क्रिकेट स्टेडियम में हुआ टेनिस बाल टूर्नामेंट का आगाज़

## सम्मिलित होंगी शहर के 45 वार्ड की 48 टीमें, 14 दिनों तक चलेगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. शहर की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के महापौर कप का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस 14 दिवसीय प्रतियोगिता में 45 वार्डों सहित कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं।**




राज्यमंत्री मप्र शासन श्रीमती प्रतिमा बागरी ने भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने मैदान में नारियल फोड़कर और टॉस उछालकर औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार और टूर्नामेंट के संयोजक श्रीराम मिश्रा सहित कई खेलप्रेमी व खिलाड़ी मौजूद रहे। कुल 48 टीमें हिस्सा ले रहीं यह प्रतियोगिता वार्ड स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें नगर के 45 वार्डों की टीमों के अलावा कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के संयोजक श्रीराम मिश्रा ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उनमें अनुशासन व टीम भावना का विकास करना है। प्रतियोगिता नॉक-आउट आधार पर खेली जाएगी।

### पहले दिन हुए 2 मैच

पहले दिन वार्ड नंबर 4 और वार्ड नंबर 22 के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। वार्ड 4 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 38 रन बनाए। जवाब में वार्ड 22 ने 4 .4 ओवर में 1 विकेट खोकर 39 रन बनाकर मैच जीत लिया। पहले दिन का दूसरा मैच राज्य कर्मचारी संघ और नगर निगम वॉरियर्स के बीच एक मैत्री मैच के रूप में खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

# तस्कर के कब्जे से मिली 63 लीटर शराब

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. मैहर में शराबबंदी लागू होने के बावजूद भी अवैध कारोबार करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में थाना कोतवाली मैहर की टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 63 लीटर अवैध शराब जप्त की गई।**

थाना कोतवाली मैहर प्रभारी अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रामपथ गवन मार्ग ग्राम बरही पुलिया के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली की टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही करते हुए पहुंची राकेश चौधरी के कब्जे से 07 कार्टून में देशी अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। विदित है आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई शराब तस्करी एवं बिक्री के अपराध पंजीबद्ध हैं। जिसे देखते हुए आरोपी राकेश चौधरी पिता चुनकी चौधरी उम्र 40 वर्ष पता नई बस्ती ओइला को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया। आरोपी के कब्जे से जब्त कुल 63 लीटर अवैध शराब की कीमत 31000 रु आंकी गई।

# केंद्रीय जेल में मनाया गया युवा दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. केन्द्रीय जेल सतना में जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में सोमवार को जेल स्टॉफ व बंदियों ने स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया।**



इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया व इससे होने वाले लाभों से अवगत कराया गया साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आहवान किया गया। युवा दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह जेल स्टॉफ व बंदी गण उपस्थित रहे।

### एक नजर में



### युवा दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

**सतना।** बोनान्ज़ा कॉ0 हॉ0 से0 स्कूल में युवा दिवस का आयोजन चेयरमैन गौरव अरोरा की अध्यक्षता व डायरेक्टर श्री दिलीप अरोरा के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, माल्यार्पण व स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर भाषणमाला एवं गीत के माध्यम से प्रकाश डाला। प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव द्वारा अपने उद्बोधन में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से हर कार्य में आगें बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया व बतलाया कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने अल्पकाल में ही अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लिया था, उसी प्रकार आप सभी को भी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको प्राप्त करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टार्फ को योगदान सरहनीय रहा।



### एकेएस में क्रिटिकल मिनरल्स पर कार्यशाला

**सतना।** ए .के .एस यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग इंजीनियरिंग द्वारा क्रिटिकल मिनरल्स के विशेष संदर्भ में एकदिवसीय राष्टीयस्तरीय आयोजन किया गया। विवेकानंद हॉल में संपन्न इस कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन से हुई तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। आयोजन का उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स के अर्थ , महत्व और रणनीतिक भूमिका पर अकादमिकङ्कऔद्योगिक संवाद को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रोफेसर वी ए चोपडे प्रतिकुलपति डॉ हर्षवर्धन,प्रो .जी के प्रधान, इंजीनियर आर .के . श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ .बी . के .मिश्रा, प्रो .अनिल मित्तल, प्रो . पी .के . पालित,श्री दास गुप्ता, पी .एस . तिवारी, संदीप जी, अवधेश पाण्डे,पी .एस . राम , जे .एन . सिंह ,फैकल्टी रमेश कांत एवं आकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन के समन्वयक श्री शीलेंद्र कुमार उपाध्याय रहे।



# जिला न्यायालय परिसर में कनिष्ठ अधिवक्ता प्रशिक्षण कक्ष का लोकापर्ण

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. सतना। जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को कनिष्ठ अधिवक्ता प्रशिक्षण कक्ष का लोकापर्ण सतना सांसद गणेश सिंह ने किया।**

इस अवसर पर सांसद ने अधिवक्ताओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं और राष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। लोकापर्ण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह ने कहा कि वर्ष 2012 से सतना में नए न्यायालय भवन की चर्चा चल रही है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। हाल ही में अधिवक्ताओं से एक बार फिर ज्ञापन प्राप्त होने पर सांसद ने आश्वासन दिया कि अगले कुछ दिनों में इस संबंध में अधिवक्ताओं को खुशखबरी मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि न्यायालय भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद ने अधिवक्ताओं के मंच से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जनसेवा का कार्य मिला है, लेकिन वे स्वयं अधिवक्ता बिरादरी से ही हैं। अधिवक्ताओं ने सांसद से कानूनी पुस्तकों की मांग रखी, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए कहा कि अधिवक्ता संघ द्वारा आवश्यक पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराई जाए, वे उन्हें पुस्तके उपलब्ध कराएंगे।

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में

नवभारत न्यूज

**सतना 12 जनवरी. गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड सतना में आयोजित किया जायेगा।**

जिला मुख्यालय के समारोह में प्रातः 9 बजे कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी संबंधी बैठक में दी गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, जीतेन्द्र वर्मा, सुमेश द्विवेदी, बीके मिश्रा, आरआई श्रीमती देविका सिंह बघेल सहित विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संपूर्ण गरिमा के साथ पूरे जिले में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम किये जाने के निर्देश भी दिये हैं। पिछले वर्ष की तरह परेड ग्राउंड की साज-सज्जा लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का लाइव टेलीकास्ट होने की स्थिति में एलईडी सहित सम्पूर्ण व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जायेगी।

## 10वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस 14 को

**सतना 12 जनवरी.** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना के तत्वावधान में 14 जनवरी 2026 को 10वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रांगण में प्रातः 11.30 बजे आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (सेवानिवृत्त) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सतना और मैहर जिले की वीर नारियों तथा डब्ल्यूडब्ल्यू-2 के शहीदों की विधवाओं को उनकी सेवा और त्याग के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# स्वशासी के एमएसडब्ल्यू छात्रों ने वृद्ध आश्रम का किया सर्वे

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना एमएसड्ब्ल्यू समाज कार्य के विद्यार्थियों के द्वारा सृजन रिटायरमेंट होम सीनियर सिटीजन वृद्ध7श्रम एवं ललता प्रसाद खरे चेरी टेबल ट्रस्ट वृद्धश्रम सतना का सर्वेक्षण डॉ.सुरेश चंद्र राय के निर्देशन में किया गया.**



प्रत्येक शनिवार को समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा सर्वेक्षण कार्य करने का निर्णय लिया गया है। संस्था प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र राय ने समाज कार्य विभाग के छात्रों को संबोधित करते हुए यह कहा कि समाज कार्य विभाग का प्रथम ध्येय समाज के हाशिए में खड़े वर्गों की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें राष्ट्र का जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज कार्य विभाग के छात्रों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अपने आस-पास के समुदाय में ऐसे कमजोर लोगों की पहचान कर उन्हें उपयुक्त सहयोग और नेतृत्व प्रदान कर समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करें।